# जिला स्तरीय तकनीकी एवं मार्ग दर्शन समिति की छः माही बैठक का कार्यवृत

## दिनांक 15–07–2021 को जिलाधिकारी महोदय, पौड़ी गढ़वाल द्वारा नामित श्रीमान अपर जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी एवं मार्ग दर्शन समिति की प्रथम छः माही बैठक का कार्यवृत

शासनादेश संख्या 50/2018–52(5) 2017 दिनांक 18–02–2019 के अनुपालन में दिनांक 15–07–2021 को श्रीमान जिलाधिकारी गढ़वाल द्वारा नामित श्रीमान अपर जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी एवं मार्ग दर्शन समिति की बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया, जिसमें जनपद स्तरीय अधिकारियों/जिला स्तरीय तकनीकी एवं मार्ग दर्शन समिति के सदस्यों/जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनकी उपस्थिति निम्न प्रकार है–

| क्र0सं0 | नाम अधिकारी/कर्मचारी | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | डॉ0 शिव कुमार बरनवाल | अपर जिलाधिकारी, पौड़ी |
| 2 | श्री आर0सी0 तिवारी | उप परियोजना निदेशक, जैफ–6 पौड़ी |
| 3 | डॉ0 नरेन्द्र कुमार | मुख्य उद्यान अधिकारी, पौड़ी |
| 4 | डॉ0 एस0के0 सिंह | मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, पौड़ी |
| 5 | श्री डी0एस0 राना | मुख्य कृषि अधिकारी, पौड़ी |
| 6 | श्री राजीव रंजन | अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, पौड़ी |
| 7 | श्री जितेन्द्र कुमार | जिला कार्यक्रम अधिकारी, पौड़ी |
| 8 | श्री बी0सी0 नेगी | जिला सूचना अधिकारी, पौड़ी |
| 9 | श्री नन्द किशोर काला | ग्राम प्रधान, सिलवाड़ा |
| 10 | श्री प्रहलाद सिंह | ग्राम प्रधान, धारकोट |
| 11 | श्री सन्दीप सिंह बिष्ट | ग्राम प्रधान, किमसार |
| 12 | श्री प्रमोद चन्द्र | ग्राम प्रधान, सुखोली तल्ली |
| 13 | श्री चन्द्र प्रकाश बलूनी | A.B.D.O. यमकेश्वर |
| 14 | श्री त्रिभुवन भारती | A.B.D.O. जहरीखाल |
| 15 | श्री सत्यप्रकाश | उद्यान अधिकारी, ग्राम्या–2 पौड़ी |
| 16 | श्री सत्यपाल सिंह रावत | यूनिट अधिकारी, जैफ–6 पौड़ी |
| 17 | श्री प्रमोद कुमार काला | क्षेत्र प्रसार अधिकारी, ग्राम्या–2 पौड़ी |
| 18 | सुश्री गीता रावत | Gender Expert जैफ–6 पौड़ी |
| 19 | श्री विकास वर्मा | CI Expert(Agri) जैफ–6 पौड़ी |

प्रथम उप परियोजना निदेशक जैफ–6 द्वारा समस्त प्रतिभागियों का अध्यक्ष महोदय की ओर से स्वागत किया गया अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार उप परियोजना निदेशक जैफ–6 द्वारा परियोजना के विषय में प्रस्तुतिकरण किया गया। परियोजना का उद्देश्य जैफ विविधता, वन परिदृश्य, कृषि क्षेत्र के विकास करते हुये राष्ट्र एवं विश्व पर्यावरण सुधार हेतु परिवर्तनकार उत्प्रेरक के रूप में कार्य करें। उप परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा प्रस्तुतिकरण में निम्नानुसार परियोजना के विषय में प्रकाश डाला गया–

- परियोजना वर्ष 2019–20 से 2025–26 तक संचालित होगी जो Global Environment Facility द्वारा वित्त पोषित होगी।
- देश के 5 राज्यों के Green Landscape (मध्य प्रदेश, मिजोरम, उड़ीसा राजस्थान व राजा जी कॉर्बेट Landscape उत्तराखण्ड) में संचालित होगी।
- उत्तराखण्ड के लिये लगभग रू040 करोड़ आंवटित है।
- कुल Landscape क्षेत्र 3,27,734 है0 है, जिसमें से 1,64,240 है0 क्षेत्र कॉर्बेट नेशनल पार्क एवं राजाजी नेशनल पार्क का संरक्षित क्षेत्र है तथा 1,63,494 है0 क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र से बाहर का है। परियोजना से 1165 ग्रामों के लगभग 47,465 परिवारों से लगभग 2,18,000 लोग लाभान्वित होंगे ये क्षेत्र पौड़ी गढ़वाल में स्थित हैं।
- अध्यक्ष महोदय द्वारा जैफ–6 परियोजना के कार्य क्षेत्र एवं कार्य क्षेत्र चुनाव मानकों के विषय में जनना चाहा, जिसपर उप परियोजना निदेशक द्वारा विस्तार से बताया गया।
- जिला उद्यान अधिकारी महोदय द्वारा सुझाव दिया गया कि चयनित क्षेत्र के कृषकों का शैक्षिक भ्रमण करवाया जाये, जिससे उनकी जानकारी में बढ़ोतरी हो सके।

**(कार्यवाही :– उप परियोजना निदेशक, जैफ–6 पौड़ी)**

- अध्यक्ष महोदय द्वारा परियोजना क्षेत्र एवं बजट के विषय में जानना चाहा तो उप परियोजना निदेशक महोदय द्वारा परियोजना क्षेत्र एवं आंवटित बजट एवं आंवटन के मानकों पर विस्तार से बताया गया।
- अध्यक्ष महोदय द्वारा ब्लॉक स्तरीय एवं ग्राम स्तरीय बजट आंवटन को स्पष्ट करने का सुझाव दिया।
- श्री एस0पी0एस0 रावत यूनिट अधिकारी जैफ–6 एवं गीता रावत – Gender Expert द्वारा कलस्टर के विषय में विस्तार से बताया गया।
- आमन्त्रित ग्राम प्रधानों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों के विषय में अध्यक्ष महोदय को विस्तार से बताया गया।
- अध्यक्ष महोदय द्वारा सुझाव दिया गया कि गांव में बैठ कर ही Long Term कार्य योजना तैयार करे ताकि क्षेत्र के विकास में परियोजना प्रभावी सिद्ध हो। इस क्रम में उप परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा बताया गया कि पंचायत स्तर पर ग्रामीणों द्वारा ही तकनीकी विशेषज्ञों के सहयोग से अपनी योजना बनायी जानी है।

**(कार्यवाही :– उप परियोजना निदेशक, जैफ–6 पौड़ी)**

- आमन्त्रित ग्राम प्रधान – सिलवाड़ा श्री नन्द किशोर द्वारा जानना चाहा कि परियोजना अंतर्गत क्या–क्या कार्य करवाये जा सकते हैं। इस पर उप परियोजना निदेशक द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया।
- अध्यक्ष महोदय द्वारा Staff Position के विषय में पूछने पर उप परियोजना निदेशक द्वारा वर्तमान Staff Position से अवगत करवाया गया।

ह0

जिलाधिकारी
पौड़ी गढ़वाल

35RC Tiwari

**कार्यालय उप परियोजना निदेशक यू0डी0डब्लू0डी0पी0 फेज-II पौड़ी गढ़वाल**

पत्रांक 119 /कार्यवृत्त/ पौड़ी / 2021-22 /दिनाँक 06/08/ 2021

**प्रतिलिपि :–** निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी को सूचनार्थ प्रेषित।

(1) जिलाधिकारी, पौड़ी।

(2) मुख्य विकास अधिकारी, पौड़ी।

(3) संबन्धित परियोजना क्षेत्र के नोडल प्रभागीय वनाधिकारी, पौड़ी ।

(4) मुख्य कृषि अधिकारी/परियोजना निदेशक आत्मा, पौड़ी।

(5) जिला उद्यान अधिकारी, पौड़ी ।

(6) मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पौड़ी ।

(7) अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, पौड़ी ।

(8) अग्रणी बैंक प्रबन्धक, पौड़ी ।

(9) जिलाप्रबन्धक, नाबार्ड, पौड़ी ।

(10) जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास परियोजना, पौड़ी।

(11) संबन्धित विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी यमकेश्वर, दुगड्डा, जहरीखाल।

(12) संबन्धित परियोजना क्षेत्र के ग्राम पंचायत एवं बायोडायवर्सिटी मैनेजमेंट कमेटी के चार सदस्य।

(13) जनपद के किसान विज्ञान केन्द्र का प्रतिनिधि।

(14) परियोजना निदेशक, जैफ–6 जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।

(15) परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन गढ़वाल क्षेत्र मुनिकीरेती।

(16) जलागम प्रबन्ध निदेशालय का प्रतिनिधि।

(आर0सी0 तिवारी)
सदस्य सचिव/उप परियोजना निदेशक
जैफ–6
पौडी, गढवाल

36RC Tiwari